an>

Title: Regarding compassionate appointment in Government Offices particularly in BSNL.

श्री कौशल किशोर (मोहनलालगंज) ः मैं सरकार का ध्यान भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) सहित केन्द्र सरकार के अधीन अन्य विभागों में कार्यरत विशेषकर ग्रुप-"डी" के मृतक कर्मचारियों के आश्रित परिवारों की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ कि जिनके किसी भी सदस्य को अनुकम्पा के आधार पर सेवा में नहीं लिए जाने के कारण उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो जाती है क्योंकि इन विभागों में केवल 5 प्रतिशत कोर्ट में (प्वाइंट) अंक तालिका के आधार पर ही उन्हें सेवा में लिया जाता है जबकि ग्रुप-"डी" के आश्रित परिवारों को इतना ग्रेच्युटी फण्ड इत्यादि भी नहीं मिलता है कि वह केवल पेंशन से अपने परिवार का भरण-पोषण व बच्चों की शिक्षा सुचारू रूप से दिला सके। इस अनुकम्पा के आधार पर सेवा को पाने के लिए इनके परिवार संबंधित विभागों तथा बाहर प्राइवेट नौकरी के लिए भी चक्कर लगाने को मजबूर हैं और जिसे सेवा में लिया भी जाता है तो इसमें कई वर्ष लग जाते हैं।

अतः मैं सरकार से मांग करता हूँ कि सरकार इस संबंध में विचार करें और मृतक कर्मचारी के आश्रित परिवारों के किसी एक सदस्य को शीघ्र सेवा में लेने का अवसर प्रदान करें और 5 प्रतिशत कोटे को बढ़ाकर 15 प्रतिशत करें साथ ही बीएसएनएल सहित अन्य कई विभागों में भी अंकों के आधार को समाप्त किया जाए।